संख्या पी.ए/सचिव(भाषा एवं संस्कृति)/2022
कार्यालय सचिव (भाषा एवं संस्कृति)
हिमाचल प्रदेश सरकार

दिनांक, शिमला–171002, 03 फरवरी 2022

कार्यालय आदेश

यह देखा गया है कि, प्रदेश के लेखकों की किताबों तथा शिल्पकारों/ दस्तकारों/ कलाकारों की कला कृतियों तथा अन्य उत्पादों को स्थानीय लोगों को नियमित रूप से उपलब्ध करवाए जाने के लिए कोई स्थान उपलब्ध नहीं है। इसे देखते हुए गेयटी थियेटर के टेवर्न हॉल में एक बिक्री काउंटर स्थापित किया जाना आवश्यक है। गेयटी थियेटर परिसर शिमला में टेवर्न हॉल में उपयुक्त स्थान उपलब्ध है। अतः यह निर्देश दिए जाते हैं कि विभाग 28 फरवरी 2022 से पहले इस बिक्री काउंटर को स्थापित करने की सारी औपचारिकताएं पूर्ण करेगा। बिक्री काउंटर का संचालन निम्न आधार पर किया जाएगा:

1. इस बिक्री केन्द्र में हिमाचल प्रदेश के लेखकों की किताबें तथा हिमाचल प्रदेश के बारे में किसी भी लेखक द्वारा लिखी गई किताबें बिक्री के लिए उपलब्ध करवाई जाएगी।
2. हिमाचल प्रदेश कला संस्कृति एवं भाषा अकादमी तथा भाषाएवं संस्कृति विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तके एवं पत्रिकाएं तथा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा प्रकाशित सामग्री भी बिक्री के लिए उपलब्ध होगी।
3. लेखकों द्वारा अपनी किताबें बिक्री के लिए स्वंय भी उपलब्ध करवाई जा सकती है। इस बिक्री काउंटर पर 10 प्रतिशत कमीशन लेकर इन किताबों को बेचने की व्यवस्था की जाएगी।
4. हिमाचल प्रदेश के चित्रकारों, छायाकारों, दस्तकारों, शिल्पकारों तथा अन्य कलाकारों द्वारा तैयार कलाकृतियां/उत्पाद भी बिक्री के लिए उपलब्ध करवाए जा सकेंगे। इनकी बिक्री पर भी निर्धारित मूल्य का 10 प्रतिशत कमीशन लिया जाऐगा।
5. निदेशक, भाषा एवं संस्कृति इस बिक्री केन्द्र को चलाने की व्यवस्था करेंगे एवं समय समय पर आवश्यक निर्देश जारी करने के लिए अधिकृत होंगे।

राकेश कंवर
सचिव(भाषा एवं संस्कृति)
हिमाचल प्रदेश सरकार

पृः संख्या पी ए सचिव(भाषा एवं संस्कृति) दिनांक शिमला.2 03 फरवरी, 2022
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित हैः
1 निदेशक, भाषा एवं संस्कृति विभाग शिमला–9
2 सचिव, अकादमी
3 श्री सुदर्शन मैनेजर जी डी एस
4 गार्ड फाईल।

राकेश कंवर
सचिव(भाषा एवं संस्कृति)
हिमाचल प्रदेश सरकार